भारत सरकार

खान मंत्रालय

भारतीय खान ब्यूरो

<u>हिंदी अनुभाग</u>

संख्या : ई-11017/3/2015/हिंदी/ 928

इंदिरा भवन, सिविल लाइन्स,
नागपुर, दिनांक 17/01/2017
ई-मेल (ddr.hindi@ibm.gov.in)

परिपत्र

विषय : भारतीय खान ब्यूरो (मुख्यालय), नागपुर की हिंदी गृह पत्रिका "खान भारती" के अगले अंक में प्रकाशित रचनाओं के लिए मानदेय देने संबंधी ।

आप सभी को ज्ञात है कि भारतीय खान ब्यूरो (मुख्यालय), नागपुर द्वारा हिंदी गृह पत्रिका "खान भारती" का प्रकाशन किया जाता है । उक्त पत्रिका हेतु आपसे रचनाएँ आमंत्रित करने के लिए समय - समय पर अनुरोध किया जाता रहा है । पत्रिका का उद्देश्य राजभाषा हिंदी का प्रसार और भारतीय खान ब्यूरो के अधिकारियों एवं कर्मचारियों के हिंदी में मौलिक लेखन को बढ़ावा देना है ।

उक्त गृह पत्रिका में खान एवं खनन, राष्ट्र निर्माण व राजभाषा हिंदी के विकास एवं प्रचार - प्रसार तथा साहित्य से संबंधित हिंदी में अन्य स्तरीय लेख प्रकाशित करने के उद्देश्य से महानियंत्रक महोदय ने पत्रिका में प्रकाशित लेखों / आलेखों / रचनाओं के लिए निम्नानुसार मानदेय दिए जाने हेतु अनुमोदन दिया है :-

क्र. सं.	प्रकाशित सामग्री का विवरण	मानदेय
1.	तकनीकी लेख, कहानी, आलेख, नाटक, एकांकी आदि	रू.1500/-
2 (I)	कविता / गजल (एक पृष्ठ)	रू. 450/-
(II)	कविता / गजल (दो या दो से अधिक पृष्ठ)	रू. 600/-

अत: आपसे अनुरोध है कि उक्त पत्रिका में प्रकाशन के लिए हिंदी में स्व-रचित स्तरीय रचनाएं (यूनिकोड में टंकित प्रति व उसकी सॉफ्ट कॉपी एवं रचनाकार के पासपोर्ट साईज के फोटो सहित) अधोहस्ताक्षरी को शीघ्रातिशीघ्र भिजवाने का कष्ट करें । आप अपने परिवार के सदस्यों द्वारा रचित मौलिक रचनाएं भी भेज सकते हैं ।

2/-

कृपया इस परिपत्र को अपने अधीन कार्यरत सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों में परिचालित कर उन्हें रचनाएँ लिखने के लिए प्रेरित करें ।

16/1/2017

(प्रमोद एस. सांगोले)
उप - निदेशक (राजभाषा)

प्रति :-

1. भारतीय खान ब्यूरो (मुख्यालय), नागपुर के सभी प्रभागों / अनुभागों के प्रमुखों को आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित ।
2. भारतीय खान ब्यूरो के सभी आँचलिक / क्षेत्रीय / उप क्षेत्रीय / खनिज प्रसंस्करण प्रभाग के प्रमुखों को आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित ।
3. प्रभारी टी.एम.आई.एस. कृपया इस परिपत्र को भारतीय खान ब्यूरो के वेबसाइट पर अपलोड करने का कष्ट करें ।